भा.श्री.अनु.सं.
क्रम सं. 235 मई, 2023

# श्री अन्न
## समाचार पत्र

IIMR
भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Millets Research
हैदराबाद * सोलापुर * वरंगल




भाकृअनुप—भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्र नगर, हैदराबाद - 500 030, तेलंगाना, भारत

### श्री संजय गर्ग, आईएएस का दौरा

**श्री संजय गर्ग,** आईएएस, अपर सचिव (कृअनुशिवि) तथा सचिव (भाकृअनुप), नई दिल्ली ने 1 मई, 2023 को भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद का दौरा किया। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने उन्हें उत्कृष्टता केंद्र सहित विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की, तथा डॉ. बी दयाकर राव, प्रधान वैज्ञानिक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पोषण केंद्र (न्यूट्रीहब) ने सामान्य सुविधा केंद्र व न्यूट्रीहब के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा वैज्ञानिकों के साथ परस्पर संवाद बैठक हुई।



### प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पुरस्कार

**डॉ. सी तारा सत्यवती**, निदेशक, भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने नई दिल्ली में 5-6 मई, 2023 को आयोजित एग्रीविजन-2023 में आत्मनिर्भर भारत के लिए सतत कृषि पर 7वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान श्री कैलाश चौधरी, माननीय कृषि राज्य मंत्री, भारत सरकार के कर-कमलों से **"प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पुरस्कार"** ग्रहण किया।



### अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2023 में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद की सहभागिता

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने तेलंगाना राज्य जैव विविधता बोर्ड (टीएसबीबी) के द्वारा 23 मई 2023 को हैदराबाद के बिरला संग्रहालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस समारोह में भाग लिया। श्री अन्न आनुवंशिक संसाधनों की विविधता हेतु पुष्पगुच्छ के सजीव नमूने, श्री अन्न बीज विविधता, श्री अन्न की पोषण प्रोफ़ाइल, श्री अन्न के मूल्य वर्धित उत्पाद प्रदर्शित किए गए। किसान, महविद्यालय व विद्यालय के छात्र, तेलंगाना राज्य के अधिकारी आदि शामिल 200 प्रतिभागियों ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के स्टॉल का दौरा किया। लब्ध प्रतिष्ठ आगंतुकों में डॉ. रजत कुमार आईएएस, विशेष मुख्य सचिव, तेलंगाना सरकार; डॉ. रघुवीर, निदेशक, तेलंगाना राज्य वन अकादमी; तथा श्री कालीचरण एस खरताडे, आईएएस, सचिव, टीएसबीबी ने भी भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं स्टॉल का दौरा किया।



### "जलवायु अनुकूल व स्मार्ट कृषि" पर साप्ताहिक अभियान

कृषि और किसान कल्याण विभाग, तथा मिशन - पर्यावरण के लिए जीवन शैली (जीवन - स्थायी जीवन शैली व प्रथाओं को अपनाने हेतु एक वैश्विक प्रयास) ने 5 जून, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तथा श्री अन्न



अंतर्राष्ट्रीय वर्ष - 2023 के उपलक्ष्य में, विभिन्न कार्यक्रमों हेतु "जलवायु लचीली तथा स्मार्ट कृषि" विषय प्रदान किया। इस अवसर पर भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न  अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 22-28 मई 2023 के दौरान संस्थान के परिसर में एक साप्ताहिक अभियान तथा श्री अन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. पी संजना रेड्डी, प्रधान वैज्ञानिक ने श्री अन्न में जलवायु-लचीले फसल प्रजनन व आनुवंशिक सुधार की संभावनाएं पर व्याख्यान दिया, डॉ. बी दयाकर राव, प्रधान वैज्ञानिक ने "आधुनिक व्यवसाय हेतु श्री अन्न मूल्यवर्धन" पर व्याख्यान दिया तथा डॉ. आर आर चापके, प्रधान वैज्ञानिक ने "अगली पीढ़ी की जलवायु स्मार्ट कृषि हेतु श्री अन्न" पर व्याख्यान दिया। इसके अलावा डॉ. जिनु जैकब तथा डॉ. राजेंद्र कुमार के द्वारा "जलवायु स्मार्ट श्री अन्न की खेती को बढ़ाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका" पर भाषण प्रतियोगिता, डॉ. एम एलंगोवन, डॉ. अमसिद्ध और डॉ. श्रीविद्या के द्वारा "श्री अन्न अंतर्राष्ट्रीय वर्ष" पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अलावा, डॉ. रवि कुमार वेमुला तथा दल, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के द्वारा 23 मई, 2023 को महाराष्ट्र के किसानों के लिए "श्री अन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन" पर प्रशिक्षण सह ज्ञानवर्धन दौरे का आयोजन किया गया। समारोह के अंतिम दिन अर्थात 28 मई, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद परिसर में सभी को नया मिलेट्स - रेस्तरां, वनस्थलीपुरम, हैदराबाद द्वारा प्रायोजित श्री अन्न नाश्ता परोसा गया।

**ज्वार जननद्रव्य में कटाई उपरांत आंकड़े संग्रहण पर प्रशिक्षण**

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने सीआरपी-एबी के अंतर्गत एआरएस-वाशिम में 9 मई, 2023 को प्रक्षेत्र सहायकों व कर्मचारियों के लिए "ज्वार जननद्रव्य लक्षण-वर्णन में कटाई उपरांत आंकड़े संग्रहण" पर आभासी प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण का संयोजन भाश्रीअनुसं हैदराबाद से डॉ. एम एलंगोवन तथा डॉ. के वेंकटेश ने एवं रापाआसंब्यू क्षेत्रीय स्टेशन, अकोला से डॉ. सुनील गोमाशे ने किया।

**खरीफ बीज मेला, प्रोजतेराकृविवि में श्री अन्न स्टाल**

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय (पीजेटीएसएयू), राजेंद्रनगर, हैदराबाद के द्वारा 24 मई, 2023 को आयोजित "खरीफ बीज मेला - 2023 " के दौरान श्री अन्न बीज स्टाल का आयोजन किया तथा संस्थान के द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। बीज मेले का उद्घाटन माननीय कृषि मंत्री श्री सिंगरेड्डी निरंजन रेड्डी, तेलंगाना सरकार की द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सुरभि वाणी देवी, एमएलसी, श्री कोंडाबाला कोटेश्वरराव, अध्यक्ष, तेलंगाना राज्य बीज विकास निगम तथा डॉ. एस सुधीर कुमार, कुलसचिव, प्रोजतेराकृविवि, डॉ. एम वेंकट रमणा, अनुसंधान निदेशक, प्रोजतेराकृविवि एवं के हनुमंथु, विशेष आयुक्त, कृषि विभाग, तेलंगाना राज्य उपस्थि थे। डॉ एम वेंकट रमणा ने अपने संबोधन में श्री अन्न अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के दौरान श्री अन्न के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से श्री अन्न की खेती करने का आह्वान किया, क्योंकि ये अत्यधिक अनुकूलित व जलवायु अनुकूल फसलें हैं। माननीय कृषि मंत्री और अध्यक्ष, टीएसएसडीसी ने भाश्रीअनुसं स्टाल का दौरा किया तथा देश में श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए भाश्रीअनुसं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। डॉ. बी वेंकटेश भट एवं डॉ. सूगण्ण ने भाश्रीअनुसं की गतिविधियों के बारे में सविस्तार जानकारी प्रदान की। किसानों और अन्य हितधारकों ने बड़ी संख्या में भाश्रीअनुसं स्टॉल का दौरा किया तथा श्री अन्न के बीज खरीदे। डॉ. बी वेंकटेश भट, डॉ. सूगण्ण तथा रघुनाथ कुलकर्णी ने इसका समन्वय किया।




**मुंबई में श्री अन्न स्टाल**

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न  अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 22 मई 2023 को मुंबई में आयोजित "जैविक विविधता हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस" समारोह के दौरान भाश्रीअनुसं की प्रौद्योगिकियों व उत्पादों का प्रदर्शन किया। श्री भूपेंद्र यादव, माननीय

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने समारोह का उद्घाटन किया और विशेषकर श्री अन्न पर ध्यान केंद्रीत कर रही जैव विविधता प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में श्री अन्न के प्रचार में शामिल विभिन्न सार्वजनिक व निजी संगठनों के उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। माननीय मंत्री ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं स्टाल का दौरा किया। डॉ. ए श्रीनिवास, वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।



## विशिष्ठता, एकरूपता तथा स्थायीत्व (डस) की समीक्षा बैठक

डॉ. अमसिद्ध बेलुंडगी, वैज्ञानिक, सह-नोडल अधिकारी, डीयूएस परियोजना, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 22-23 मई 2023 के दौरान भाकृअनुप-भाबाअनुसं, बेंगलुरु में आयोजित दक्षिणी क्षेत्र के डीयूएस केंद्रों की 19वीं वार्षिक समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक का आयोजन डॉ. टी. महापात्र की अध्यक्षता में पौकिकृअधिसंप्रा, नई दिल्ली के द्वारा किया गया। बैठक में कुल 75 फसल प्रजातियों में की गई वार्षिक प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें अनाज फसलें, बागवानी फसलें तथा रोपण फसलें शामिल थीं और सभी फसलों में डीयूएस लक्षण वर्णन में सुधार के लिए सुझाव दिए गए थे।

## ज्ञानवर्धन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 3 मई, 2023 को "श्री अन्न क्षेत्र में उदयमिता के अवसर" पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए ज्ञानवर्धन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कुल 45 प्रतिभागियों ने पाक कक्षाओं के अलावा प्राथमिक व माध्यमिक प्रसंस्करण इकाइयों, प्रौद्योगिकी लाइसेंसन प्रक्रियाओं एवं ऊष्मायन सुविधाएं का अवलोकन किया। डॉ. जे स्टेनली, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं डॉ. वी रवि कुमार, तकनीकी अधिकारी ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।



## नवोद्यमी उज्ज्वलन कार्यक्रम

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान ने 10 विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के लिए पोषण केंद्र में 29 मई, 2023 को "नवोद्यमी उज्ज्वलन कार्यक्रम" आयोजित किया। कुल 24 प्रतिभागियों को श्री अन्न व उसके मूल्य वर्धित उत्पादों एवं नवीनतम श्री अन्न प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों से अवगत कराया गया। डॉ. बी दयाकर राव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पोषण केंद्र ने भाश्रीअनुसं अनुसंधान गतिविधियों तथा युवा उदयमियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. जे स्टेनली, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं डॉ. वी रवि कुमार, तकनीकी अधिकारी ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।



## सेवानिवृत्त

**श्री ए नरसिंह मूर्ति,** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के मुख्य वित्त और लेखा अधिकारी 31 मई, 2023 को परिषद की सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी तथा मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी के रूप में लगभग 8 वर्षों तक इस संस्थान को अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस संबंध में संस्थान के स्टाफ मनोरंजन क्लब द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. तारा सत्यवती, निदेशक,



भाश्रीअनुसं ने उन्हें शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। भाश्रीअनुसं के कर्मचारियों ने उनकी सेवाओं का स्मरण करते हुए उनके सुखी, स्वस्थ व सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। डॉ. अमसिद्ध ने इस कार्यक्रम का समन्वयन किया।

**अतिथि व्याख्यान**

**डॉ. सी तारा सत्यवती**, निदेशक, भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने "लर्निंग टेबल ऑन - एग्री-टेक विकास - तकनीकी व्यवधान को एकीकृत करते हुए कृषि मूल्य शृंखला को बदलना" पर संगोष्ठी में भाग लिया और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद में 3 मई, 2023 को एक व्याख्यान दिया।

**डॉ. पी राजेंद्रकुमार**, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने देव भूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय, देहरादून में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी और श्री अन्न पर प्रदर्शनी के दौरान 5 मई, 2023 को "श्री अन्न - जलवायु परिवर्तन तथा पोषण सुरक्षा हेतु स्मार्ट फसलें" पर एक अतिथि व्याख्यान दिया। उत्तराखंड के कृषि मंत्री, कुलपति, प्रो-चांसलर, छात्रों, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, किउसं और नवोद्यमियों सहित लगभग 200 प्रतिभागियों ने इस गोष्ठी में भाग लिया।

**डॉ. बी दयाकर राव,** प्रधान वैज्ञानिक, तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पोषण केंद्र, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने 16 मई, 2023 को मुंबई में इंडियन मर्चेंट चेम्बर्स द्वारा आयोजित सम्मेलन में श्री अन्न पर व्याख्यान दिया।

**आगंतुक**

**डॉ. आर पिरभाकरन** विश्लेषणात्मक व स्थिरता विज्ञान क्षमता प्रमुख, पोषण और डॉ लोकेश बसवराजू, वरिष्ठ वैज्ञानिक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने 9 मई 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। दौरे के एक हिस्से के रूप में, उन्होंने उत्कृष्टता केंद्र, सामान्य सुविधा केंद्र और न्यूट्रीहब सहित विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया।

**डॉ. जोनाथन फिलरॉय,** हैदराबाद (RICH) के रिसर्च एंड इनोवेशन सर्कल में निदेशक (खाद्य और कृषि) तथा **डॉ. हर्षिता चौधरी**, टी-हब में सहायक परियोजना प्रबंधक ने 18 मई, 2023 को तेलंगाना में एक सहयोगी साझेदारी को बढ़ावा देने एवं सामूहिक रूप से श्री अन्न पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने हेतु न्यूट्रीहब, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया।

**छात्र**

- जैव रसायन विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद के कुल 5 स्नातकोत्तर छात्रों ने 04 मई, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। छात्रों को श्री अन्न में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के साथ-साथ श्री अन्न मूल्यवर्धन प्रौद्योगिकियों के बारे में जानने का अवसर मिला। .
- पोषण विभाग, सिंधु महिला कॉलेज, हैदराबाद की कुल 24 छात्राओं ने 15 मई, 2023 को नवीनतम श्री अन्न प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से न्यूट्रीहब, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया।

**किउसं (एफवीओ) गतिविधियां**

**बैठक :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं किउसं नेस्ट टीम, हैदराबाद ने संस्थान के द्वारा प्रवर्तित कर्नाटक किउसं के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के लिए 1 मई, 2023 को "जीएसटी पर उन्मुखीकरण सत्र" पर एक बैठक आयोजित की। श्री इरन्ना (जीएसटी विशेषज्ञ) ने जीएसटी, नई बिक्री तथा खरीद पुस्तक प्रारूप एवं मूल्य वर्धित उत्पादों के एचएसएन कोड पर एक तकनीकी सत्र दिया। इस ऑनलाइन बैठक में कुल 25 हितधारकों ने भाग लिया।



**पण्य विचार-विमर्श बैठक :** श्री श्रीनिवास बाबू तथा डॉ. संगप्पा, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिकों ने 4 मई, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा प्रवर्तित किउसं के मुकाअधि, समन्वयक, लेखाकार तथा संबद्ध गैर-सरकारी संगठनों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिकों के द्वारा, किउसं की स्थिति, बिक्री के लिए उपलब्ध

फसल/वस्तुओं, भावी व्यावसायिक योजनाओं, मूल्य वर्धित उत्पादों की उपलब्धता एवं विपणन पर चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व कर्नाटक के किउसं के पास उपलब्ध वस्तुओं को सीधे बाजारों से जोड़ना था।

**श्री अन्न मूल्य वर्धित उत्पादों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम :** मैसर्स अलंद भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा प्रवर्तित भूताई मिलेट्स फार्मर प्रोड्यूसर्स कंपनी लिमिटेड, कर्नाटक ने 5 मई, 2023 को श्री अन्न के मूल्यवर्धन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। किउसं दल ने कर्नाटक के अलंद के तडकल गांव के लोगों को श्री अन्न के उत्पाद तैयार करने की विधि बताई। इस कार्यक्रम में 27 महिलाओं सहित कुल 40 लोगों ने भाग लिया।

**नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद में सीबीबीओ समीक्षा बैठक :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं परियोजना दल ने 3 मई 2023 को नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद में सीएसएस योजना के अंतर्गत 10,000 किउसं की क्लस्टर आधारित व्यावसायिक संगठनों (सीबीबीओ) की समीक्षा बैठक में भाग लिया। डॉ. विजया लक्ष्मी नडेंदला, आईएएस संयुक्त सचिव (विपणन), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने नाबार्ड कर्मचारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक के दौरान सभी सीबीबीओ ने किउसं की स्थिति प्रस्तुत की तथा किउसं की भावी कार्य योजनाओं पर चर्चा की।

**किउसं के साथ परस्पर पण्य वार्ता :** श्री श्रीनिवास बाबू तथा डॉ. संगप्पा, वैज्ञानिकों ने 4 मई 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के द्वारा प्रवर्तित किउसं के मुकाअधि, समन्वयक, लेखाकार व संबद्ध गैर-सरकारी संगठनों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि किउसं के पास उपलब्ध सभी पण्यों को सीधे ई-कॉमर्स मंच से जोड़ा जाना चाहिए।

**कर्नाटक किउसं हेतु एसएफएसी समीक्षा बैठक :** लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (एसएफएसी) ने 8 मई, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) परियोजना के अंतर्गत समर्थित कर्नाटक किउसं के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की। एसएफएसी के उप निदेशक ने किउसं की प्रगति का अनुवीक्षण किया। इस बैठक के दौरान कच्चे, प्रसंस्कृत तथा खाने को तैयार श्री अन्न उत्पादों की उपलब्धता, कार्यशील पूंजी एवं सावधि ऋणों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड, एनएससी डीलरशिप, एआईएफ, पीएमईजीपी और पीएफएमई परियोजना प्रस्तावों पर ध्यान दिया गया। बैठक में संबंधित किउसं के मुकाअधि, निदेशक मंडल ने भाग लिया।

**श्री अन्न के मूल्य वर्धित उत्पादों की पैकेजिंग पर तकनीकी सत्र :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं से किउसं-नेस्ट दल ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा समर्थित किउसं हेतु 8 मई, 2023 को "श्री अन्न के मूल्य वर्धित उत्पादों की पैकिंग व पैकेजिंग सामग्री" पर एक तकनीकी सत्र का आयोजन किया। श्री शफी हुड्डर, प्रबंधक - डिजाइन और पैकेजिंग टीम, सर्वश्री स्विगी ने पैकेजिंग के महत्व, किस्मों, डिजाइन पहलुओं, स्थिरता, विनियमों एवं मानकों पर मुख्य जानकारी साझा की। डॉ. संगप्पा, वैज्ञानिक तथा प्रधान अन्वेषक किउसं परियोजना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया।

**पीएमएफएमई योजना की बैठक में भाश्रीअनुसं :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद से किउसं-नेस्ट दल ने 8 मई 2023 को राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन एजेंसी (एनपीएमए) द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (पीएमएफएमई) बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान, प्रोजतेराकृविवि से डॉ. पोशाद्री अचिन्ना ने योजना के महत्व पर प्रकाश डाला।

**बालानगर एफपीसीएल का दौरा :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं परियोजना दल ने 15 मई, 2023 को बालानगर एफपीसीएल का दौरा किया तथा नाबार्ड समर्थित किउसं अर्थात् बालानगर एफपीसीएल, मान्यम देवरकाद्रा एफपीसीएल और दुंदुबी किउसं की प्रगति का अनुवीक्षण किया। परस्पर वार्ता के दौरान किउसं के सभी नकद-पुस्तिका, रजिस्टर, खाता विवरण, खाता लेनदेन का सत्यापन किया गया।

**आंध्र प्रदेश किउसं के लिए त्रैमासिक सीबीबीओ समीक्षा बैठक :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के किउसं परियोजना दल ने 17 मई 2023 को नाबार्ड, क्षेत्रीय केंद्र, हैदराबाद में आंध्र प्रदेश के किउसं की पहली तिमाही सीबीबीओ समीक्षा बैठक में भाग लिया।

श्री एम आर गोपाल, सीजीएम, नाबार्ड (एपी), श्री जया कन्नन (जीएम) तथा डॉ. के वी एस प्रसाद (डीजीएम) ने बैठक की अध्यक्षता की। इस समीक्षा बैठक के दौरान किउसं की स्थिति, भावी कार्य योजनाओं तथा अगले तीन माह हेतु विशिष्ट उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

**निदेशक मंडल व मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद से डॉ. संगप्पा, श्री श्रीनिवास बाबू तथा किउसं-नेस्ट दल ने 22-23 मई 2023 के दौरान अपने तेलंगाना किउसं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। राग्राविपसं से डॉ दिवाकर तथा भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं से रफी, किउसं नेस्ट ने नकद-पुस्तिका, रजिस्टर, खाता विवरण के रखरखाव एवं किउसं मिलेट मोड के माध्यम से श्री अन्न मूल्य शृंखला को मजबूत करने में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की भूमिका पर व्याख्यान दिया। डॉ. संगप्पा तथा श्री श्रीनिवास बाबू ने श्री अन्न को बढ़ावा देने में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के अनुभवों को साझा किया।

**कर्नाटक किउसं की निगरानी :** भाश्रीअनुसं के किउसं-नेस्ट परियोजना से श्री कैलाश, श्री अब्बुसेठ तथा श्री राहुल ने 22-23 मई 2023 के दौरान इंडी, झामकंडी एवं चितगुप्पा किउसं का दौरा किया और किउसं की प्रगति की निगरानी की।

**मान्यम देवरकाद्रा एफपीसीएल की निगरानी :** भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के परियोजना कर्मचारी श्री रफी व करिश्मा ने आईटीएम कॉलेज के प्रशिक्षुओं के साथ 25 मई 2023 को देवरकाद्रा एफपीसीएल का दौरा किया और किउसं की प्रगति की निगरानी की। उन्होंने कार्यवृत्त पुस्तिका आदि को अद्यतन करने और इसे आरओसी पोर्टल में अद्यतन करने का सुझाव दिया।

## समझौता ज्ञापन

सं.प्रौ.प्र.ए., भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के माध्यम से मई, 2023 के दौरान भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं में निम्नलिखित करार ज्ञापन/समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। भाश्रीअनुसं की ओर से भाश्रीअनुसं के निदेशक **डॉ. सी तारा स्त्यवती** ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए। करार ज्ञापन/समझौते के विवरण निम्नानुसार है :

| करार तिथि | लाइसेंसधारी | करार/समझौते का प्रयोजन | लाइसेंसधारी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 01.05.2023 | डेक्कन एग्रो फूड्स एंड स्पाइस, हैदराबाद | श्री अन्न के 6 मूल्य वर्धित उत्पाद | श्रीमती ए रत्ना कुमारी, सहयोगी | डॉ. दयाकर राव तथा डॉ. जे स्टेनली |
| 11.05.2023 | राघवेंद्र एग्रो सर्विसेज, बेल्लारी | ज्वार चारा संकर, सीएसएच 24 एमएफ | श्री किशोर रेड्डी, स्वामी | डॉ जे स्टेनली |
| 12.05.2023 | फ्रेश एक्सप्रेस, कर्नाटक | ज्वार व बाजरा मुरमुरा | श्री किशोर रेड्डी, स्वत्वधारी | डॉ. जे स्टेनली |
| 26.05.2023 | भाकृअनुप-भागेजौअनुसं, करनाल | सहयोगी अनुसंधान | डॉ। ज्ञानेंद्र सिंह, निदेशक | डॉ स्टेनली तथा श्री श्रीनिवास बाबू |
| 30.05.2023 | एकलव्य ग्रामीण विकास फाउंडेशन, हैदराबाद | श्री अन्न बीज उत्पादन एवं संवर्धन | श्री बी सुरेंद्र रेड्डी, अध्यक्ष | डॉ. दयाकर राव तथा डॉ. वेंकटेश भट |



एकलव्य ग्रामीण विकास फाउंडेशन, हैदराबाद



फ्रेश एक्सप्रेस, कर्नाटक



भाकृअनुप-भागेजौअनुसं, करनाल



राघवेंद्र एग्रो सर्विसेज, बेल्लारी

## ऑनलाइन/प्रत्यक्ष बैठक / वेबिनार / प्रशिक्षण / सम्मेलन / संगोष्ठी में सहभागिता

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम | सहभागिता | प्रकार | तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सी तारा सत्यवती | पूसा में भाकृअनुप-इक्रिसेट पंचवर्षीय सहयोगात्मक कार्य योजना (2024-2028) का विकास, नयी दिल्ली | बैठक | 2 मई, 2023 |
| 2 | सी तारा सत्यवती | इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद में "लर्निंग टेबल ऑन - एग्री-टेक विकास - तकनीकी व्यवधान को एकीकृत करते हुए कृषि मूल्य शृंखला को बदलना" पर संगोष्ठी | संगोष्ठी | 3 मई, 2023 |
| 3 | सी तारा सत्यवती | सीएसजेएमयू, कानपुर के द्वारा आयोजित श्री अन्न सम्मेलन विषय पर आभासी गहन विचार-विमर्श बैठक | बैठक | 4 मई, 2023 |
| 4 | एम एलंगोवन | आंतरिक सीआरपी-एबी - 2022-23 वार्षिक समीक्षा बैठक | बैठक | 12 मई, 2023 |
| 5 | हरिप्रसन्ना के तथा अमसिद्ध बेलुंडगी | पौधा किस्म जांच में डीयूएस परीक्षण आंकड़ों के ई-प्रोसेसिंग व प्रबंधन - पौकिकृअधिसंप्रा, नई दिल्ली के द्वारा समन्वित तोरिया/ सरसों के उदाहरण का उपयोग पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला | कार्यशाला | 25-26 मई, 2023 |

## वासाबै (एजीएम)-2023

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के निदेशक तथा सभी प्रधान अन्वेषकों एवं अन्य वैज्ञानिकों ने निम्नलिखित वार्षिक सामूहिक समीक्षा (2022-23) तथा तकनीकी कार्यक्रम योजना (2023-24) बैठकों में भाग लिया :

***अनुसंधान समीक्षा*** : बाजरा पर अभासअनुप केंद्रों की वैज्ञानिक लेखा परीक्षा आधारित प्रस्तुतियां, अभासअनुप पर बाजरा समूह की 58वीं वार्षिक बैठक, 17 मई 2023.

***तकनीकी कार्यक्रम 2023-24*** ज्वार तथा लघु श्री अन्न केंद्रों पर अभासअनुप की योजना बैठक, ज्वार पर अभासअनुप समूह की 53वीं वार्षिक बैठक एवं अभासअनुप पर लघु श्री अन्न समूह की 34वीं वार्षिक बैठक, 18 मई 2023.

बाजरा पर अभासअनुप केंद्रों पर ***तकनीकी कार्यक्रम 2023-24 की योजना बैठक,*** बाजरा पर अभासअनुप समूह की 58वीं वार्षिक बैठक, 19 मई 2023.

# अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023

IIMR
भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Millets Research

nutri hub
Innovation | Technology | Business

INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023


संकलन एवं संपादन
डॉ. महेश कुमार, डॉ. के वी राघवेन्द्र राव, डॉ. जिनू जेकब तथा डॉ. वी वेंकटेश भट
फोटो, अभिकल्पना तथा रूपरेखा
एच एस गावली
प्रकाशक एवं मुख्य संपादक
निदेशक,
भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान


### भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान


**मुख्यालय - राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500053**
दूरभाष : 040-24599300
फैक्स : 040-24599304
ई-मेल : millets.icar@nic.in
वेबसाइट : www.millets.res.in

**रबी ज्वार केंद्र (भाश्रीअनुसं)**
राष्ट्रीय राजमार्ग-9, बायपास, शेल्गी,
सोलापुर-413006 (महाराष्ट्र)
दूरभाष : 0217-2373456
फैक्स : 0217-2373456
ई-मेल : solapur@millets.res.in
वेबसाइट : www.millets.res.in

**ज्वार गैर-मौसमी पौधशाला, वरंगल**
प्रभारी अधिकारी,
भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान,
आरएआरएस (पीजेटीएसएयू) मुलुगू रोड.
वरंगल